सजा है साँवरे दया का द्वार,
छोड़ कर के कहाँ जाएं हम,
सजा है सांवरे दया का द्वार,
सजा है सांवरे दया का द्वार।।

तर्ज नज़र के सामने।

बंधन ये विश्वास का जो,
दाता तुमसे जोड़ा,
तेरे भरोसे पर हमने,
अपना सब कुछ छोड़ा,
हो ना जाना कहीं,
हो ना जाना कहीं,
बाबा हमसे खफा,
सजा है सांवरे दया का द्वार,
सजा है सांवरे दया का द्वार।।

नैन सफ़ल हो जाते है,
दर्शन मिलते तेरे,
तन मन धन सब अर्पण है,
हर पल शाम सवेरे,
तूने जिसको दिया,
तूने जिसको दिया,
उसका घर भर दिया,
सजा है सांवरे दया का द्वार,

सजा है सांवरे दया का द्वार।।

जिसको जग ठुकराता है,
उसको तुम अपनाते,
दीन दुखी और निर्बल को,
अपने गले लगाते,
ऐसा दाता कहीं,
ऐसा दाता कहीं,
मैंने देखा नहीं,
सजा है सांवरे दया का द्वार,
सजा है सांवरे दया का द्वार।।

सजा है साँवरे दया का द्वार,
छोड़ कर के कहाँ जाएं हम,
सजा है सांवरे दया का द्वार,
सजा है सांवरे दया का द्वार।।

Singer Bhupendra Mangal

Source: https://www.bharattemples.com/saja-hai-sanware-daya-ka-dwar/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw